<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–04.07.2025 (संध्या–1900 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1. **केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने रांची में सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला बाल विकास संस्थान के उद्‌घाटन को बताया मील का पत्थर, कहा–प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महिला सशक्तिकरण के विजन को साकार करने में निभाएगा महत्वपूर्ण भूमिका।**
2. **सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय द्वारा आज खूंटी में हुआ प्रेस वार्ता का आयोजन, सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों के महत्व पर कल होने वाले वार्तालाप कार्यक्रम की दी गई जानकारी।**
3. **बोकारो कोयला क्षेत्र पुलिस ड्यूटी मीट का हुआ समापन, बोकारो जिला बना ओवरऑल चैंपियन, आईजी ने कहा–ड्यूटी मीट से अनुसंधान को मिलेगा बल।**
4. **रांची में मुहर्रम जुलूस के लिए 6 जुलाई को होगी विशेष ट्रैफिक व्यवस्था, किशोर यादव चौक, शहीद चौक, कर्बला चौक समेत प्रमुख सड़कों पर सामान्य वाहनों का प्रवेश रहेगा वर्जित। और,**
5. **कोडरमा की कबड्डी खिलाड़ी मनीषा का एशियन यूथ गेम्स के लिए इंडिया कैंप में हुआ चयन, राष्ट्रीय अंडर–18 प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के बाद मिला मौका।**

*******************

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने आज रांची में सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला बाल विकास संस्थान के क्षेत्रीय कार्यालय का उद्‌घाटन किया। उन्होंने कहा कि यह केंद्र पूर्वी भारत के बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओड़िशा के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह केंद्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महिला सशक्तिकरण के विजन को साकार करने में मील का पत्थर साबित होगा।

*******************

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय रांची ने आज खूंटी में प्रेस वार्ता आयोजित कर कल होने वाले वार्तालाप कार्यक्रम की रूपरेखा साझा की। यह कार्यक्रम मिशन विकसित भारत के तहत सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों के महत्व पर केंद्रित होगा और इसमें उपायुक्त आर. रॉनिटा मुख्य अतिथि और अपर महानिदेशक अखिल कुमार मिश्रा विशिष्ट अतिथि होंगे, साथ ही विशेषज्ञ वक्ता भी ऑनलाइन शामिल होंगे। कार्यालय प्रमुख राजेश सिन्हा ने बताया कि यह आयोजन दूर–दराज के पत्रकारों को भारत सरकार की योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से किया गया है।

*******************

भारत सरकार ने 5 से 18 वर्ष की उम्र के बच्चों को दिए जाने वाले सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए नामांकन आमंत्रित किए हैं। बहादुरी, सामाजिक सेवा, पर्यावरण, खेल, कला–संस्कृति या विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बच्चों को 31 जुलाई 2025 तक अवाड्र्स डॉट गोव डॉट इन पर नामांकित किया जा सकता है।

*******************

बोकारो में आयोजित कोयला क्षेत्र पुलिस ड्यूटी मीट में बोकारो जिला ओवरऑल चौंपियन बना और धनबाद जिला दूसरे स्थान पर रहा। न्याय सदन में आयोजित समापन समारोह में आईजी क्रांति कुमार सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने प्रतिभागियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। मौके पर आईजी क्रांति कुमार ने कहा कि भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत अब साइंटिफिक एविडेंस का महत्व बढ़ गया है और यह ड्यूटी मीट अनुसंधान में सहायक सिद्ध होगा।

*******************

रांची में 6 जुलाई को मुहर्रम के अवसर पर विभिन्न अखाड़ों से जुलूस निकाले जाएंगे, जिसके लिए पुलिस अधीक्षक (यातायात) ने विशेष ट्रैफिक व्यवस्था की घोषणा की है। आदेश के अनुसार सुबह 10 बजे से जुलूस समाप्ति तक कई प्रमुख मार्गों पर सामान्य वाहनों का परिचालन बंद रहेगा। किशोर यादव चौक, शहीद चौक, सुजाता चौक, कर्बला चौक सहित कई महत्वपूर्ण मार्गों पर यातायात प्रतिबंधित रहेगा। मुहर्रम के अवसर पर आवश्यकता के अनुसार अन्य मार्गों पर भी ट्रैफिक डायवर्ट किया जाएगा।

*******************

नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान में खूंटी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने पीएलएफआई नक्सली संगठन के तीन सक्रिय सदस्यों को जरियागढ़ इलाके में बड़ी वारदात की योजना

बनाते गिरफ्तार कर लिया है और उनके पास से एक देशी पिस्टल, दो कारतूस, एक मोबाइल और नक्सली संगठन के 13 पर्चे बरामद किए हैं। खूंटी एसपी मनीष टोप्पो ने बताया कि डीएसपी क्रिस्टोफर केरकेट्टा के नेतृत्व में तीन थानों की संयुक्त पुलिस टीम ने घेराबंदी कर नक्सलियों को पकड़ा।

******************

रामगढ़ में 10 दिवसीय आपदा मित्र सह प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत हुई, जिसमें उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज ने स्कूली बच्चों को फर्स्ट एड की जानकारी दी। कार्यक्रम का उद्देश्य जिले में करीब 2 लाख लोगों को प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण देना है ताकि आपदा के समय त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जा सके। मौके पर उपायुक्त ने बताया कि पहले चरण में ढाई हजार मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षित किया जाएगा, जो बाद में पंचायत स्तर पर लोगों को प्रशिक्षण देंगे।

******************

**संक्षिप्त खबरें**

- दुमका दुमका पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आज दुमका पुलिस प्रक्षेत्र के महानिरीक्षक शैलेंद्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में पिपिंग सेरेमनी का आयोजन हुआ। इस दौरान तीन प्रोन्नत पुलिस उपाधीक्षकों को सम्मानित किया गया।
- गुमला में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने आज जिला मुख्यालय स्थित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी, अग्निशमन और अन्य निर्वाचन मानकों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।
- सरायकेला के केवीपीएसडी मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय में आज भारत सरकार की भ्रमणशील विज्ञान प्रदर्शनी वैन पहुंची, जहां छात्राओं ने अंतरिक्ष, तकनीक और आधुनिक विज्ञान की बारीकियों को जाना। विज्ञान शिक्षकों ने सेटेलाइट, रिमोट सर्जरी, डिजास्टर मैनेजमेंट जैसे विषयों पर जानकारी दी।

******************

कोडरमा की होनहार कबड्डी खिलाड़ी मनीषा कुमारी का चयन आगामी एशियन यूथ गेम्स के लिए इंडिया कैंप में हुआ है। इस कैंप के तहत चयनित खिलाड़ियों को बहरीन में 22 से 31 अक्टूबर तक होने वाली प्रतियोगिता में खेलने का मौका मिलेगा। मनीषा ने हरिद्वार में आयोजित राष्ट्रीय अंडर–18 कबड्डी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया था। मनीषा के चयन से राज्य में खुशी का माहौल है।

**************